लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

"भारत की 'नेबरहुड फ़र्स्ट' नीति मालदीव की 'इंडिया फ़र्स्ट' नीति के अनुरूप है: लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 9 दिसंबर 2019 : मालदीव की पीपलस मजलिस के स्पीकर, श्री मोहम्मद नशीद के नेतृत्व में मालदीव से आए संसदीय शिष्टमंडल का आज संसदीय सौध विस्तार भवन में स्वागत करते हुए, लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने कहा कि भारत और मालदीव के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों के साथ बहुत सारी सांझी बातें हैं।

यह टिप्पणी करते हुए कि भारत की 'नेबरहुड फ़र्स्ट' नीति मालदीव की 'इंडिया फ़र्स्ट' नीति के अनुरूप है, श्री बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि दोनों देशों को न केवल व्यापार और रोजगार के आर्थिक क्षेत्र में बल्कि स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहिए। उन्होने कहा कि प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति, श्री इबु शोलिह की संकल्पना में दोनों देशों के बीच ऐसे सार्थक सहयोग को महत्व दिया गया है।

श्री बिरला ने मालदीव में लोकतन्त्र की स्थापना में श्री नशीद की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि भारत और मालदीव के बीच विकास संबंधी सहयोग मैत्री और परस्पर विश्वास का प्रतीक है और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाता है। उन्होने हाल ही में माले (मालदीव) में सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के बारे में चौथे दक्षिण एशियाई अध्यक्ष शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय संसदीय शिष्टमंडल को दिए गए सहयोग के लिए मालदीव सरकार का आभार व्यक्त किया।

श्री बिरला ने यह भी कहा कि भारत को मालदीव के साथ अपने समृद्ध संसदीय अनुभव साझा करने में खुशी होगी। उन्होने टिप्पणी की कि भारत की संसद और मालदीव की पीपलस मजलिस के बीच क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध होने चाहिए। उन्होने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि संसदीय पद्धतियों और प्रक्रियाओं के क्षेत्र में सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा करने के लिए एक ढांचा विकसित करने के लिए दोनों सांसदों के बीच संसदीय सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएँगे।

श्री नशीद ने दोनों देशों के बीच गहरे संबंधों का उल्लेख किया। इस बात पर ज़ोर देते हुए कि द्विपक्षीय व्यापार में तेजी लाए जाने की जरूरत है, उन्होने आशा व्यक्त की कि अपने देश के अन्य देशों के साथ आर्थिक संबंधों में आने वाली विसंगतियों को दूर करने में भारत सार्थक भूमिका निभाएगा।

बाद में, श्री बिरला और श्री नशीद ने दोनों संसदों के बीच सहयोग बढ़ाने के बारे में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

मालदीव की पीपलस मजलिस के स्पीकर ने गोल्डन बुक पर हस्ताक्षर भी किए।

“INDIA’S ‘NEIGHBOURHOOD FIRST’ POLICY IS IN LINE WITH THE ‘INDIA FIRST’ POLICY OF MALDIVES”: LOK SABHA SPEAKER

New Delhi, 9 December 2019: Welcoming the Parliamentary Delegation from Maldives led by Mr. Mohamed Nasheed, Speaker of the People’s Majlis of Maldives, in Parliament House Annexe Extension Building today, Lok Sabha Shri Om Birla said that along with historical and cultural relations, both India and Maldives as neighbouring countries have a lot to share with each other.

Noting that India’s ‘Neighbourhood First’ policy is in line with the ‘India First’ policy of Maldives, Shri Birla emphasized that the two countries should increase their cooperation not only in the economic fields and employment but also in the social sectors. He said that the vision of Prime Minister Shri Narendra Modi and President of Maldives Mr. Ibu Sholih underlines such purposive cooperation between the two nations.

Shri Birla acknowledged the role of Mr. Nasheed in establishing democracy in Maldives and said that the developmental cooperation between India and Maldives is a symbol of friendship and mutual trust and strengthens the bilateral relations. He also thanked the Maldives Government for the full support extended to the Indian Parliamentary Delegation during the recently held Fourth South Asian Speakers' Summit on achieving SDGs in Male (Maldives).

Shri Birla further observed that India is pleased to share its rich parliamentary experiences with Maldives. He remarked that there needs to be more and more avenues of capacity building and training between the Parliament of India and the People’s Majlis of Maldives. He expressed happiness that a Parliamentary cooperation agreement between the two Parliaments for building a framework to share best practices in the fields of legislative drafting, digitization and parliamentary practices and procedures will be signed.

Mr. Nasheed, in his observations, recalled the deep bonds between the two countries. Emphasizing that the bilateral trade needs an impetus, he hoped that India would play a purposive role in rectifying anomalies emerging out of his country’s economic engagements with other countries

Later, Shri Birla and Mr. Nasheed signed a Memorandum of Understanding (MoU) on enhancing cooperation between the two Parliaments.

The Speaker of the People’s Majlis of Maldives also signed the Golden Book.